बहन के घर से लौट रहे युवक की संदिग्ध दशा मौत, हत्या की आशंका

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा गांव निवासी १८ वर्षीय युवक की गुरुवार देर शाम प्रयागराज-प्रतापगढ़ हाईवे पर रामनगर गंसियारी के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक बाइक से प्रतापगढ़ स्थित अपनी बहन के घर गया था। लौटते समय वह सड़क पर गंभीर रूप से घायल मिला। शरीर पर चोटों के निशान देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

चौहान का पूरा निवासी ननकू सिंह का बेटा वीरेंद्र कुमार सिंह (१८) बृहस्पतिवार को बाइक से बड़ी बहन नीलम सिंह के घर मोहनगंज, प्रतापगढ़ गया था। देर शाम लौटते समय रामनगर गंसियारी के पास वह सड़क पर गंभीर हालत में मिला। राहगीरों की सूचना पर रामफल इनारी चौकी प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस से उसे सीएचसी मऊआइमा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और शव देखकर बदहवास हो गए। मां रामा देवी और पिता ननकू सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। ननकू सिंह सीएचसी के सामने नाश्ते की दुकान चलाते हैं। वीरेंद्र चार भाइयों में तीसरे नंबर का था और पिता के काम में हाथ बंटाता था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने बताया कि अभी परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है। टोल प्लाजा के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे घटना की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके।



मृतक वीरेंद्र कुमार सिंह की फाइल फोटो।



आरएएफ के स्थापना दिवस पर शहीद स्मारक पर सलामी देते जवान।

हर्षोल्लास से मनाया गया आरएएफ का ३४वां स्थापना दिवस

फाफामऊ (प्रयागराज)। शांतिपुरम स्थित आरएएफ १०१ बटालियन के कैंप परिसर में गुरुवार को रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) का ३४वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। समारोह में बटालियन कमांडेंट मनीष कुमार भारती ने अधिकारियों एवं जवानों के साथ शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कमांडेंट ने क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली। जवानों को संबोधित करते हुए कमांडेंट ने कहा कि आरएएफ अपनी स्थापना से ही देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाये रखने और विषम परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए सदैव तत्पर रही है। अनुशासन, व्यावसायिक दक्षता, संवेदनशीलता और कर्तव्य के प्रति समर्पण आरएएफ की पहचान है। उन्होंने जवानों से गौरवशाली इतिहास एवं परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए हर परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। स्थापना दिवस के अवसर पर जवानों के बीच वालीबाल प्रतियोगिता, बड़ा खाना तथा संगीत एवं नृत्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें अधिकारियों, जवानों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी हरिओम सागर, उप कमांडेंट नितिन कुमार, आत्माराम यादव सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं महिला कार्मिक मौजूद रहे।

तहसील प्रशासन ने चकमार्ग से हटाया अवैध कब्जा

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव तहसील के ग्राम पंचायत देईबांध में चकमार्ग पर किये गये अवैध कब्जे को गुरुवार को तहसील प्रशासन ने खाली करा दिया। कारवाई मंडलायुक्त के निर्देश पर एसडीएम द्वारा गठित राजस्व टीम ने की। बताया गया कि गांव में मनरेगा के तहत चकमार्ग पर मिट्टी डलवाई गयी थी। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने चकमार्ग की मिट्टी को नष्ट कर रास्ते की जमीन को अपने खेत में मिला लिया था। इस संबंध में गांव निवासी पंकज पांडेय ने मंडलायुक्त से शिकायत की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए मंडलायुक्त के निर्देश पर एसडीएम ने राजस्व टीम गठित कर मौके की जांच कराई। इसके बाद गुरुवार को टीम ने कारवाई करते हुए चकमार्ग की जमीन को कब्जे से मुक्त कराया और रास्ते को बहाल कराया। तहसील प्रशासन की कारवाई से ग्रामीणों में संतोष है।

वर्ष भर बाद भी अपर मुख्य अधिकारी के आदेश का पालन नहीं

जिला पंचायत की भूमि पर कब्जा बरकरार

कोरांव (प्रयागराज)। जिला पंचायत की भूमि से अवैध कब्जा हटाने के अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत प्रयागराज के आदेश के करीब एक वर्ष बाद भी स्थानीय प्रशासन कारवाई नहीं करा सका है। आदेश के बावजूद भूमि कब्जामुक्त न होने को लेकर शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी संपत्ति को जल्द खाली कराने की मांग की है।

मामला कोरांव तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनापुर का है। आरोप है कि जिला पंचायत की भूमि पर राम कैलाश शुक्ल, रमेश वर्मा, दिनेश वर्मा, शिव शंकर प्रसाद, राम गोपाल वर्मा और कमल चंद्र ने अवैध कब्जा कर रखा है। गांव निवासी अधिवक्ता अनूप कुमार मिश्रा ने अगस्त २०२५ में इस संबंध में एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत प्रयागराज को पत्र भेजा। इसके बाद अपर मुख्य अधिकारी ने २ सितंबर २०२५ को आदेश जारी कर एसडीएम, जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक कोरांव, अभियंता जिला पंचायत, अवर अभियंता तथा क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया था कि आदेश की तिथि से एक सप्ताह के भीतर संबंधित भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए। शिकायतकर्ता का कहना है कि आदेश जारी हुए करीब एक वर्ष बीतने के बावजूद भूमि से कब्जा नहीं हटाया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर सरकारी संपत्ति को कब्जामुक्त कराने तथा कथित अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ नियमानुसार कारवाई की मांग की है।

आंधी में दीवार गिरने से दो बच्चे घायल

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार रात तेज आंधी के दौरान नूरानी तेल कंपनी की करीब १५ फीट ऊंची बाउंड्रीवाल अचानक भरभराकर गिर गयी।

दीवार के मलबे की चपेट में आकर वहां खड़ी दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में दो बच्चे भी घायल हो गये। अचानक भारी-भरकम दीवार गिरने से आसपास अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा भाजपा जिला संघटन मंत्री प्रेमचंद मिश्रा के भाई मोहिनी शंकर मिश्रा के मकान के सामने हुआ।

दीवार गिरने की चपेट में आने से उनके दो बच्चे घायल हो गये। आसपास के लोगों ने तत्काल दोनों को उपचार के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि बच्चों को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नूरानी तेल कंपनी काफी पुरानी है और उसके आसपास कई मकान बने हुए हैं। लोगों के मुताबिक कंपनी की बाउंड्रीवाल भी काफी पुरानी थी। तेज आंधी के दौरान अचानक दीवार गिरने से लोगों में दहशत फैल गयी।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में पुरानी और जर्जर बाउंड्रीवाल को लेकर सुरक्षा की चिंता बढ़ गयी है। लोगों ने ऐसी दीवारों का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय किये जाने की मांग की है।

दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, तीन पर केस दर्ज

मऊआइमा (प्रयागराज)। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को कथित रूप से मारपीट कर ससुराल से निकालने का मामला सामने आया है।

पीड़िता की शिकायत पर कई महीनों तक परिवार परामर्श केंद्र में मामला चला, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता नहीं हो सका। इसके बाद पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के कटभरपरमेजपुर गांव निवासी जाकिर हुसैन की पुत्री साजिया बानो की शादी वर्ष २०१८ में गुजरात के अहमदाबाद जिले के कालूपुरा थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद, पटवा गली नंबर तीन निवासी आदिल सैयद के साथ हुई थी। साजिया का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया गया।

पीड़िता का मामला कई महीनों तक प्रयागराज कचहरी स्थित परिवार परामर्श केंद्र में चला, लेकिन दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद गुरुवार को साजिया बानो ने मऊआइमा थाने में पति आदिल सैयद, ससुर मोहसिन और देवर आशिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी।

७०वीं मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

झूंसी (प्रयागराज)। लाला मनमोहन दास इंटर कालेज झूंसी में गुरुवार से फूलपुर संभाग की तीन दिवसीय ७०वीं मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डा. संतोष कुमार राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उन्होंने मार्चपास्ट की सलामी भी ली।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय को अपनी प्रतिभाशाली खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना चाहिए। यही खिलाड़ी आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य डा. निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रतिभावान विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में विद्यालय के करीब ५० विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं तक पहुंच चुके हैं। अध्यक्षीय संबोधन में प्रबंध समिति के सदस्य रामलखन यादव ने खेलों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जिला खेल सचिव बृजेश कुमार श्रीवास्तव समेत कई शिक्षक, खेल अधिकारी मौजूद रहे।

आज का मुहूर्त

दिनांक- ९ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- चतुर्दशी रात्रि ०८.५७ तक उपरान्त अमावस्या
वार- शुक्रवार
नक्षत्र- उ, फा, रात्रि ०९.४८ तक उपरान्त हस्त
योग- ब्रह्म रात्रि १२.५० तक उपरान्त ऐन्द्र
राशि- कन्या
सूर्योदय- ०६.११ बजे
सूर्यास्त- ०५.४९ बजे
राहुकाल- सुबह ०९ बजे से १०.३० तक
भद्रा- सुबह ०९.२५ तक
मुहूर्त- मासान्त दोष होने से कोई मुहूर्त नहीं है।
विशेष- शस्त्रादि के द्वारा दिवंगत व्यक्तियों के लिए चतुर्दशी के लिए श्राद्ध किया जाता है।

दुराचार के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख वसूले

मऊआइमा (प्रयागराज)। दुराचार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर तीन लाख रुपये वसूलने और अब पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप सामने आया है। मऊआइमा क्षेत्र के छाता (सिकरिया) गांव निवासी युवक ने एक दंपती सहित सात लोगों पर धमकी, मारपीट और रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दंपती को नामजद करते हुए पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित विकास कुमार पटेल महाराष्ट्र के नासिक में नौकरी करता है। उसके मुताबिक, गांव का एक दंपती बच्चों के इलाज के नाम पर उससे रुपये मांगता था। जुलाई में महिला बच्चों के साथ नासिक स्थित उसके कमरे पर पहुंची और इलाज कराने तक कुछ दिन रुकने की बात कही। आरोप है कि अगले दिन उसका पति भी वहां पहुंच गया। करीब १५ दिन बाद विकास ने दोनों को कमरे से जाने के लिए कहा। विकास का आरोप है कि दो दिन बाद वह अपने गांव पहुंचा तो १४ अगस्त को दंपती पांच अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आ धमका। आरोप है कि सभी ने महिला के साथ दुराचार करने का आरोप लगाते हुए तीन लाख रुपये की मांग की।

रकम नहीं देने पर उसे और उसके पिता को दुराचार के मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी गयी। इस दौरान गालीगलौज और मारपीट करने का भी आरोप है। पीड़ित के अनुसार, ग्रामीणों और ग्राम प्रधान के बेटे के पहुंचने पर मामला शांत कराने का प्रयास हुआ। बदनामी के डर से उसने ढाई लाख रुपये नकद और ५० हजार रुपये ग्राम प्रधान के बेटे के खाते में दिए।

आरोप है कि तीन लाख रुपये लेने के बाद भी पांच लाख रुपये और मांगे जाने लगे। विकास ने नौ सितंबर को पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। गुरुवार को मऊआइमा पुलिस ने उसकी तहरीर पर छाता (सिकरिया) निवासी पूजा सरोज, उसके पति सुदर्शन सरोज और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस का कहना है कि मामलेकी जांच की जा रही है।

फ्लाईओवर से नीचे गिरा बाइक चालक, हालत गंभीर

उतरांव (प्रयागराज)। उतरांव थाना क्षेत्र के जगतपुर में वाराणसी-प्रयागराज मार्ग स्थित फ्लाईओवर पर शनिवार को मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। टक्कर के बाद बाइक फ्लाईओवर पर ही रह गई, जबकि चालक नीचे जा गिरा। करीब २० फीट से अधिक ऊंचाई से गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। आसपास के लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवक को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बतायी जा रही है। घायल युवक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर युवक की पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

१३ को खुलेगा एआईएमआईएम का कार्यालय

हंडिया (प्रयागराज)। प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में एआईएमआईएम के प्रस्तावित कार्यालय के उद्घाटन को लेकर गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें १३ अक्तूबर को होने वाले उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के साथ कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बारा थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

बारा (प्रयागराज)। आगामी नवरात्रि, रामलीला और दशहरा सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बारा थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसीपी वेदव्यास मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत नागरिकों और क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की। एसीपी ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने से बचने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी बारा संजय राय ने कहा कि त्योहारों के दौरान माहौल बिगाड़ने या कानून-व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई की जायेगी। बैठक में ग्रामीणों और संभ्रांत नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बारा क्षेत्र में आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा रही है।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1662054 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। गुल्पशा बानो पुत्री मोहम्मद जव्वाद पता-मूलनापुर धनूपुर हण्डिया प्रयागराज।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 1700899 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0912054 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। सर्वेश कुमार सिंह पुत्र सियाराम सिंह नि0-डगरहा का पुरा पो0 बरेठी प्रयागराज मो0-9120257500

सूचित किया जाता है कि मेरा UPTET शिक्षक पात्रता प्रमाण पत्र (प्राथमिक स्तर) वर्ष 2018 अनुक्रमांक 357135463 पंजीकरण संख्या 3501360584 एवं प्रमाण पत्र संख्या 2018/305717 की मूल प्रति कहीं खो गयी है। रितेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र संजय कुमार श्रीवास्तव पता एचआईजी-39 कौशाम्बी कुंज, राजरूपपुर प्रयागराज उ0प्र0-211011

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम आधार कार्ड में शोभनाथ पुत्र धनई है लेकिन बैंक आफ बड़ौदा शाखा नवाबगंज में मेरा नाम शोभनाथ पटेल है जो कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। शोभनाथ पुत्र धनई निवासी दुखियापुर आदमपुर पोस्ट-अटरामपुर तहसील-सोरांव जनपद-प्रयागराज

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम हिमांशु (HIMANSHU) पुत्र महेन्द्र प्रसाद है जो कि उनके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है, त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0 XXXX XXXX 8265 में उसका नाम आशिष कुमार (ASHISH KUMAR) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम हिमांशु (HIMANSHU) पुत्र महेन्द्र प्रसाद के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। महेन्द्र प्रसाद पुत्र निहोर राम निवासी-कोहौसी गोसाईगंज वाराणसी उ0प्र0 पिन कोड-221101

सूचना

सर्व विदित हो कि मैं अपने पुत्र अब्दुल्ला जो मेरे कहने सुनने में नहीं है और गलत कार्यों में लिप्त है तथा मेरी कोई भी बात नहीं मानता परिवार के साथ अक्सर मारपीट व गाली-गलौज करता है उसकी बेजा हरकतों से तंग आकर मैं उससे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं यदि वह कोई भी लेन-देन या अनैतिक कार्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। यास्मीन अख्तर पत्नी शकील अंसारी निवासिनी-180/203 दोंदिपुर प्रयागराज उ0प्र0-211003

आईएफसीओ फूलपुर में ३५० से अधिक श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण

फूलपुर (प्रयागराज)। आईएफसीओ फूलपुर इकाई में कार्यरत संविदाकार श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमें ३५० से अधिक श्रमिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर के चिकित्सकों ने श्रमिकों की जांच की। इसमें जनरल फिजिशियन, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ तथा नाक-कान-गला विशेषज्ञ शामिल रहे। शिविर में पैथोलाजी जांच की भी व्यवस्था की गयी, जिसमें शुगर, बीपी, डेंगू और मलेरिया सहित विभिन्न जांचें की गईं। जांच के बाद जरूरतमंद श्रमिकों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। अधिकारियों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य संविदाकार श्रमिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसे श्रमिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शंभू शेखर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनीता मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, विष्णुकांत तिवारी, अखिलेश शुक्ल, राहुल कुमार, आलोक शुक्ल, सालिक राम और प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ट्रक खड़ा करने से मना करने पर दुकानदार को पीटा, छः पर केस

मऊआइमा (प्रयागराज)। दुकान के सामने ट्रक खड़ा करने से मना करने पर दुकानदार पर लोहे की राड से हमला कर घायल करने का आरोप लगा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक चालक सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांकाजलालपुर निवासी मोहम्मद हसीन पुत्र मोहम्मद सफी ब्लाक तीसरा पर बाइक मरम्मत की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि एक ट्रक चालक ने उनकी दुकान के सामने ट्रक खड़ा कर दिया। हटाने के लिए कहने पर चालक गालीगलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे की राड से हमला कर दिया। मारपीट में दुकानदार घायल हो गया। पीड़ित ने उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी। मऊआइमा पुलिस ने प्रतापगढ़ के मान्धाता थाना क्षेत्र के कुल्हीपुर निवासी ट्रक चालक गुलजार अहमद, उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



कंपोजिट विद्यालय सुजौना, जसरा में सम्मानित होने वाले विद्यार्थी।

धान की फसल काटने के विरोध पर मारपीट

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीनपुर राजापुर गांव में खेत से धान की पकी फसल काटने का विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

घीनपुर राजापुर निवासी अधिवक्ता आशिक अली का आरोप है कि विपक्षी उनके खेत में लगी धान की पकी फसल काटकर ले गये। परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपित कथित रूप से घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गयी। मामले में आशिक अली ने गुरुवार को मऊआइमा थाने में इनायत हुसैन, कलाम, कैफ, तबस्सुम, नजरा बानो, सबीहा बानो और सारिकुन निशां के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मिला स्टार चाइल्ड बैज

लालापुर (प्रयागराज)। कंपोजिट विद्यालय सुजौना, जसरा में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'स्टार चाइल्ड बैज अलंकरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अनुशासन, नियमित उपस्थिति, शैक्षिक प्रदर्शन, खेलकूद एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सोनम यादव, दीक्षा यादव, प्रतीक्षा, दीपिका विश्वकर्मा, जाह्नवी, अरुंधती पटेल, स्नेहा केसरवानी, शैलेन्द्र कुमार, प्रवीण कुमार और ऋषु यादव को विभिन्न श्रेणियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए 'स्टार चाइल्ड बैज' प्रदान कर प्रशस्ति दी गयी। बैज पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक श्यामाकांत द्विवेदी ने कहा कि 'स्टार चाइल्ड बैज' केवल सम्मान नहीं, बल्कि बच्चों की मेहनत और अनुशासन का प्रतीक है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी विद्यालय की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में भारतेन्द्र त्रिपाठी, इरफान अहमद, नाजिया सुल्ताना, जितेंद्र कुमार शर्मा, आशीष कुमार गुप्ता, शिशिर जायसवाल, राकेश कुमार, पूनम तिवारी, पंकज कुमार गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

कार्यालय-सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, प्रयागराज सम्भाग, प्रयागराज

पत्रांक : 2184 स्वी.अनु./ धान खरीद / ई-टेण्डर / सी.एम.आर./ परिवहन / 2026-27 दिनांक : 08 अक्टूबर, 2026 ।

-: ई-निविदा सूचना :-

इस कार्यालय के ई-विज्ञप्ति संख्या-2183/ स्वी0अनु0/ धान खरीद / ई-टेण्डर/सी0एम0आर0/ परिवहन /2026-27 दिनांक 08/10/26 के द्वारा प्रयागराज सम्भाग के सभी धान क्रय केन्द्रों से सम्बद्ध होने वाले चावल मिलों से भारतीय खाद्य निगम डिपो तक सी0एम0आर0 के परिवहन कार्य के लिये ई-निविदाएँ आमंत्रित की गयी हैं। जो वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.10.2026 के मध्याह्न 12.00 बजे तक प्रदर्शित होगी। इच्छुक निविदादाता उपरोक्तानुसार वेबसाइट से निविदा प्रपत्र एवं निविदा सूचना डाउनलोड करके ई-टेण्डर में प्रतिभाग कर सकते हैं।

(हर्षिका सिंह)
आई.ए.एस.
सम्भागीय खाद्य नियंत्रक,
प्रयागराज सम्भाग,
प्रयागराज

विन्ध्याचल स्टेशन पर रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये **शारदीय नवरात्रि मेला** के पावन अवसर पर **दिनांक 11.10.2026 से 26.10.2026** तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों का **विन्ध्याचल स्टेशन** पर **दो मिनट** के अस्थाई ठहराव का निर्णय लिया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

क्र. सं.	गाड़ी सं.	स्टेशन से - स्टेशन तक	ठहराव	
			आगमन	प्रस्थान
1	12307	हावड़ा - जोधपुर	11:03	11:05
2	22307	हावड़ा - बीकानेर	11:03	11:05
3	12308	जोधपुर - हावड़ा	16:35	16:37
4	22308	बीकानेर - हावड़ा	16:35	16:37
5	12801	पुरी - आनन्द विहार (ट.)	18:15	18:17
6	12802	आनन्द विहार (ट.) - पुरी	07:56	07:58
7	12141	लोकमान्य तिलक (ट.) - पाटलिपुत्र	22:30	22:32
8	12142	पाटलिपुत्र - लोकमान्य तिलक (ट.)	16:05	16:07
9	12487	जोगबनी - आनन्द विहार (ट.)	10:40	10:42
10	12488	आनन्द विहार (ट.) - जोगबनी	18:00	18:02
11	15657	दिल्ली - कामाख्या	08:58	09:00
12	15658	कामाख्या - दिल्ली	17:48	17:50
13	15945	लोकमान्य तिलक (ट.) - डिब्रूगढ़	05:50	05:52
14	15946	डिब्रूगढ़ - लोकमान्य तिलक (ट.)	19:05	19:07
15	15647	लोकमान्य तिलक (ट.) - गुवाहाटी	05:50	05:52
16	15648	गुवाहाटी - लोकमान्य तिलक (ट.)	19:05	19:07
17	12335	भागलपुर - लोकमान्य तिलक (ट.)	19:05	19:07
18	12336	लोकमान्य तिलक (ट.) - भागलपुर	05:50	05:52
19	12295	सर एम.विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु - दानापुर	01:40	01:42
20	12296	दानापुर - सर एम.विश्वेश्वरय्या (ट.) बेंगलुरु	00:35	00:37
21	12167	लोकमान्य तिलक (ट.) - बनारस	22:15	22:17
22	12168	बनारस - लोकमान्य तिलक (ट)	12:10	12:12

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 2301/26(A)

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जोन-2 जलकल विभाग, नगर निगम, प्रयागराज

पत्रांक डीः/236/ ज.क.वि./जोन-02/2026-27 दिनांकः 08/10/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग, नगर निगम, प्रयागराज द्वारा जोन 2 के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु डबल पैकेट बिड (टेक्निकल एवं फाइनेशियल) के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र जलकल विभाग जोन-2 में देखे एवं प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रकाशन तिथि से दिनांक 22.10.2026 के अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा फार्म में अंकित निर्धारित शुल्क की धनराशि महाप्रबन्धक जलकल विभाग, नगर निगम, प्रयागराज के **एच0डी0एफ0सी0 बैंक, जीरो रोड, चौक, प्रयागराज के खाता संख्या 50100715698451 आई0एफ0एस0सी0 कोड - HDFC0000861, ब्रांच कोड 0861** में धनराशि जमा करने की जमा रसीद की कॉपी निविदा के साथ संलग्न कर अलग- अलग सील बन्द लिफाफों में विभाग में जमा कराया जाना अनिवार्य है अन्य नियम व शर्तों का विस्तृत विवरण निविदा फार्म पर उपलब्ध होगा।

निविदा प्रपत्र विभाग से प्राप्त करने की तिथि निविदा प्रकाशन होने के उप रान्त दिनांक 9.10.2026 से दिनांक 22.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक।

बिड से सम्बन्धित प्रपत्र एवं जमानत की धनराशि एवं निविदा शुल्क की मूलप्रति जोन-2 कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 22.10.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक।

निविदा खोले जाने की अन्तिम तिथि	22.10.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक।
वित्तीय बिड खोलने की तिथि	टेक्निकल बिड की स्वीकृत के पश्चात ।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	निविदा मूल्य	धरोहर धनराशि	अवधि
1.	मीरापुर वार्ड में सीवर मेनहोलिंग / सफाई का कार्य	रू. 1000.00 + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त	10000.00	20 दिन
2.	दरियाबाद वार्ड में सीवर मेनहोलिंग / सफाई का कार्य	रू. 1000.00 +18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त	10000.00	20 दिन
3.	चौक वार्ड में सीवर मेनहोलिंग / सफाई का कार्य	रू. 1000.00 + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त	10000.00	20 दिन
4.	नारायण सिंह नगर वार्ड में सीवर मेनहोलिंग / सफाई का कार्य	रू. 1000.00 +18 प्रतिशत जी.एस.टी. अतिरिक्त	10000.00	20 दिन

अधिशाषी अभियन्ता
जोन-02